Regarding proper implementation of `Har Ghar Nal Yojana` in Banda Parliamentary Constituency

श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल (बांदा) : सभापति महोदय, मैं आपका ध्यान एक लोक महत्व के विषय की ओर आकर्षित कराना चाहती हूँ । हमारे देश में पानी की समस्या दिन-प्रतिदिन विकराल रूप धारण कर रही है । खासकर जलस्तर में निरंतर गिरावट के कारण पूरे देश में जल संकट गहराता जा रहा है ।

यह समस्या मेरे लोक सभा क्षेत्र बांदा-चित्रकूट में भी है, जो कि अधिक गंभीर विषय है । ?हर घर नल योजना? को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, ताकि प्रत्येक घर तक पीने का पानी पहुंच सके । इसके लिए पाइपलाइनों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और नियमित रख-रखाव की व्यवस्था की जाए । सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए तत्काल योजना बनाई जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो ।

माननीय सभापति **:** आपका विषय आ गया है । मैंने सबसे अनुरोध किया है कि 30 सेकेंड्स में अपनी बात कहिए ।

श्रीमती कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल **:** महोदय, वैकल्पिक जल स्रोतों की खोज और विकास पर ध्यान दिया जाए । जैसे नहरों की मरम्मत और तालाबों का पुनर्निर्माण तथा नदियों का जल भी उपयोग में लाया जा सके ।? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: You should have patience. Everybody will get an opportunity. सबको बोलने का अवसर मिलेगा ।

श्री खगेन मुर्मु जी, आप 30 सेकेंड्स में अपनी बात कहिए ।

? (व्यवधान)